# Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जुलाई – अगस्त 2010


## बीवाईपीएल अपने सभी उपभोक्ताओं को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देती है। जय हिन्द!

## महत्वपूर्ण सूचना – चेक पर ओवर–राइटिंग न करें

गलत हाथों में आपका चेक पड़ने या ठगों द्वारा उसके उपयोग से आपको बचाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक – आरबीआई – ने दिनांक 22 फरवरी 2010 को अपना सर्कुलर डीपीएसएस. सीओ. सीएचडी नंबर 1832/01.07. 05/2009–10 जारी किया है।

1 जुलाई से, कोई भी चेक जारी करते वक्त कृपया निम्नलिखित मूल बातों का ध्यान रखें:

- लाभार्थी के नाम और चेक की रकम पर कोई ओवर–राइटिंग न करें।
- तारीख को छोड़कर, यदि कहीं पर भी ओवर–राइटिंग हुई, तो प्रोसेसिंग के बिना ही चेक वापस कर दिए जाएंगे, चाहे बदलाव करके आपने वहां अपने दस्तखत ही क्यों न किए हों।
- यदि लाभार्थी के नाम और रकम में कोई बदलाव है, तो उपभोक्ता द्वारा दूसरा चेक फॉर्म जारी किया जाना चाहिए।

## सेनिया विहार में खुला बीवाईपीएल का नया सहायता केंद्र

सोनिया विहार और आसपास के लोगों को बड़ी राहत मिली है। 14 मई को बीवाईपीएल के सीईओ श्री रमेश नारायणन ने वहां एक सहायता केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र से सोनिया विहार के अलावा, चौहान पट्टी, श्रीराम कॉलोनी, खजूरी खास, सबापुर गांव, मिलन गार्डन और आसपास की कॉलोनियों की करीब 1 लाख आबादी को फायदा होगा। सहायता केंद्र में 24 लोगों की टीम दो शिफ्टों में काम करेगी। कंपनी का एक सीनियर अधिकारी भी वहां बैठेगा, ताकि गर्मियों में लोगों की समस्याओं को जल्द से जल्द निबटाया जा सके। करावल नगर डिविजन में गोकलपुरी और करावल नगर के बाद, यह बीवाईपीएल का तीसरा सहायता केंद्र है।

## बीवाईपीएल की नई सेवाएं

अब आप जैसे ही बीवाईपीएल का कॉलसेंटर आईवीआरएस नंबर 39999 808 डायल करेंगे, तो आपको यह पता चल जाएगा कि क्यू में आपका कौन सा नंबर है और आपको कितनी देर प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

यदि कभी आपको बीवाईपीएल के कॉल सेंटर नंबर पर फोन करने पर इंतजार करना पड़े, तो ग्राहक सेवा प्रतिनिधि – सीएसआर – के पास कॉल जाने से पहले आपको यह बता दिया जाएगा कि क्यू में आपका नंबर कौन सा है और कितनी देर आपको इंतजार करना पड़ेगा।

## 5545464 पर एसएमएस करें, हम पहुंचेंगे आपके द्वार

यदि आपको नया/अस्थायी कनेक्शन लेना हो, या नाम, पता, लोड या कनेक्शन की श्रेणी में बदलाव करवाना हो, तो बस आपको एक एसएमएस करने भर की देरी है। बीएसईएस लिखें, स्पेस दें, कोड लिखें, फिर स्पेस दें, अपना 10 अंकों वाला सीआरएन नंबर लिखें और उसे 5545464 पर एसएमएस कर दें। आवेदन कोड ये होंगे:

- नया कनेक्शन - New_CONNEX
- अस्थायी कनेक्शन - Temp_CONNEX
- पते में बदलाव - ADDR_CHNG
- लोड में बदलाव - LOAD_CHNG
- नाम में बदलाव - NAME_CHNG
- श्रेणी में बदलाव – CATG_CHNG

उसके बाद, कंपनी के डोर स्टेप सर्विस – डीएसएस – डिपार्टमेंट का एक प्रशिक्षित प्रतिनिधि सुविधाजनक समय पर आपके घर पहुंचेगा और आवेदन पत्र, एफिडेविट, और इंडेम्निटी बॉन्ड आदि भरवाने जैसी व्यावसायिक प्रक्रिया को पूरा करने में आपकी मदद करेगा। और, तय समय के भीतर जरूरी कागजात भी वह आपसे लेने आएगा।

बीवाईपीएल के हेल्पलाइन नंबर 39999 808 पर फोन करके, आप डीएसएस सर्विस के लिए रजिस्टर करा सकते हैं। या फिर आप www.bsesdelhi.com पर ऑलऑन करके भी अपना अनुरोध भेज सकते हैं।

एसएमएस से डुप्लिकेट बिल के लिए बीएसईएस टाइप करें, स्पेस दें, बीएनआर लिखें, फिर स्पेस दें और सीआरएन नंबर लिखकर उसे 5545464 पर एसएमएस कर दें। आपका डुप्लिकेट बिल आपको दुबारा कूरियर कर दिया जाएगा और वह भी बिल्कुल मुफ्त।

## फर्जी लोगों से सावधान

बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं से अपील करती है कि वे असामाजिक तत्वों व ठगों से सावधान रहें, जो कि गुपचुप तरीके से काम कर कंपनी की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही, कंपनी यह भी कहना चाहती है कि उपभोक्ता ऐसे तत्वों की धमकियों या झूठे आश्वासनों में न आएं और कारण चाहे जो भी हो, उन्हें कोई पैसा न दें। बिजली चोरी, जुर्माना, व्यावसायिक आदि कोई भी भुगतान सिर्फ बीएसईएस ऑफिसों में ही करें।

उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि उनके पास जो भी व्यक्ति बीएसईएस कर्मचारी के तौर पर जा रहा है, उनका पहचान पत्र जरूर चेक करें। अगर आपको कोई शक हो, या कुछ गड़बड़ लगे, तो कृपया निकटतम बीवाईपीएल ऑफिस में संपर्क करें, या डायल करें – 39999 808 और, 100 नंबर डायल कर पुलिस को भी बताएं।

**हम सुन रहे हैं ... डायल करें**
**बीआरपीएल – 39999808**